समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# शुरू हुआ ITR फाइल करने का सीजन : ITR-1, ITR-2 या ITR-4 — जाने आपके लिए कौन सा फॉर्म है सही।

Publisher Published on 05 Jun 2025




## ITR भरने की अंतिम तारीख बढ़ी, अब 15 सितंबर 2025 तक कर सकते है फाइल।

**नई दिल्ली : इनकम टैक्स रिटर्न (ITR)** भरने का सीजन शुरू हो चुका है। पहले जहां इसकी **अंतिम तारीख 31 जुलाई** थी, अब उसे बढ़ाकर **15 सितंबर, 2025** कर दिया गया है। **टैक्सपेयर्स अब असेसमेटं ईयर 2025-26** के लिए **ई-फाइलिंग पोर्टल** पर जाकर **ITR-1 और ITR-4** जैसे फॉर्म भर सकते हैं।

लेकिन ध्यान दें, सही फॉर्म का चुनाव करना बेहद जरूरी है। अगर आप गलत **ITR फॉर्म** भरते हैं, तो आपका रिटर्न रिजेक्ट हो सकता है। आइए जानते हैं आपके लिए कौन सा फॉर्म उपयुक्त रहेगा।

ITR-1 (सहज फॉर्म) – किसके लिए है उपयुक्त ?
१. **आय 50 लाख रुपये से कम होनी चाहिए।**
२. **कमाई के स्रोत : सैलरी, पेशंन, एक हाउस प्रॉपर्टी से किराया, बैकं डिपॉजिट पर इंटरेस्ट और 5,000 रुपये तक की खेती से आय.**
३. **लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन : 1.25 लाख रुपये तक की कमाई स्वीकार्य**

किसके लिए नहीं:
१. **जिनकी खेती से ₹5000 से ज्यादा कमाई है.**

२. **जिनके पास एक से अधिक घर है.**

३. **जिनकी कमाई विदेश से होती है.**

४. **जिनके पास अनलिस्टेड कंपनी के शेयर है.**

५. **जिनकी लॉटरी या रेस से कमाई है.**

**ITR-2 – किसे भरना चाहिए ?**

**नौकरीपेशा या पेशंनर्स जिनकी आय के अनेक स्त्रोत है**

अगर आपकी आय में शामिल हैं:

१. **शेयर या म्यूचुअल फंड से प्रॉफिट**

२. **एक से अधिक संपत्तियों से किराया**

३. **विदेश से कमाई**

४. **व्यवसायिक पेशे जैसे डॉक्टर, वकील आदि**

**ITR-4 (सुगम फॉर्म) – किसके लिए है उपयुक्त ?**

१. **हिंदू अविभाजित परिवार, स्मॉल बिजनेस, फर्म पार्टनर, फ्रीलांसर, कंसल्टेटं, रिटेलर, डॉक्टर आदि**

२. **प्रिजंप्टिव टैक्स स्कीम (धारा 44AD, 44ADA, 44AE) के अंतर्गत आय**

३. **50 लाख रुपये तक की कुल वार्षिक आय**

४. **स्त्रोत : फ्रीलांसिंग, सैलरी, पेशंन, बैकं इंटरेस्ट, खेती से आय, फैमिली पेशंन**

५. यह **फॉर्म NRI, कंपनी डायरेक्टर, अनलिस्टेड शेयरधारक, ESOP टैक्स स्थगित** करने वाले या **लॉटरी-रेस** जैसी आय वालों के लिए नहीं है।

कैसे करें सही फॉर्म का चुनाव ?

१. **सैलरी/पेशंन से कमाई : ITR-1**

२. **मल्टीपल इनकम सोर्स (शेयर, किराया, विदेश): ITR-2**

३. **बिजनेस/फ्रीलांसिंग/प्रिजंप्टिव टैक्स स्कीम : ITR-4**

४. **गलत फॉर्म भरने से आयकर विभाग रिटर्न रिजेक्ट** कर सकता है, इसलिए अपने इनकम सोर्स और निवेशों के अनुसार ही फॉर्म चुनें।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.